छितकुल में भी अब मिनी एटीएम स्थापित

समर नेगी • रिकांगपिओ

निजी कंपनी ने किराना दुकान में दी सुविधा, सभी बड़े बैंकों के क्रेडिट व डेबिट कार्ड मान्य, छितकुल पहुंचते हैं देश-विदेश के सैकड़ों सैलानी

किन्नौर जिला का छितकुल गांव, जिसे भारत का अंतिम गांव भी कहा जाता है, में भी अब एटीएम सुविधा मुहैया करवा दी है। स्पाइस मनी कंपनी ने छितकुल गांव में एक किराना स्टोर में मिनी एटीएम की सुविधा दी है। गांव में केवल दो किराना दुकानें हैं। अब गांव वालों और यहां आने वाले पर्यटकों को एक दुकान में कैश इन, कैश आउट की सेवा मिलेगी।

शहरी भागदौड़ से दूर इस गांव की आबादी महज 900 के करीब है। यहां पर करीब 25 हालिडे रिसोर्ट भी हैं, जो देश और विदेश के सैलानियों की खातीरदारी करते हैं। अभी तक छितकुल से सबसे करीब एटीएम बूथ 25 किलोमीटर दूर सांगला में था। यहां इंटरनेट की दिक्कत के कारण ई-बैंकिंग की सेवा भी उपलब्ध नहीं हो पाती है। यह गांव कई वर्षों से ऐसी चुनौतियों का सामना कर रहा था। इससे काफी असुविधा होती थी। किराना दुकान के मालिक को स्पाइस मनी अधिकारी बनाया गया है। किसी भी लागत के बिना उनकी डिजिटल दुकान शुरू की है। अब यह डिजिटल दुकान नकद निकासी और जमा जैसी बुनियादी सेवाएं प्रदान करने वाले एटीएम केंद्र के रूप में कार्य करेगी। इसमें सभी प्रमुख बैंकों के डेबिट और क्रेडिट कार्ड स्वीकार किए जाते हैं।

चार लोगों ने उठाया लाभ

दुकानदार नेहर ने बताया कि अभी तक चार लोगों ने सुविधा का लाभ उठाया है। नेटवर्क की परेशानी इसमें भी आ रही है, लेकिन फिर भी लोगों को लाभ मिल रहा है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि भारत के दूरदराज गांवों और सभी शहरों को सशक्त बनाया जाएं और वहां एटीएम सेवाएं शुरू की जाएं। छितकुल में मिनी एटीएम सेवा को शुरू करना देश में एटीएम बुनियादी सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में उठाया गया एक कदम है।